तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **जगदीश विश्नोई** **बनाम** **लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार जोधपुर)** सू.अ.अपील संख्या–ऑनलाईन अपील संख्या 353920382572096	न. य तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
17/04/25	अपीलार्थी जगदीश विश्नोई निवासी फ्लेट नं. 303, थर्ड फ्लोर, ब्लॉक डी, धरती आंगन कॉलोनी, झालामण्ड, जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत उनके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में दिनांक 13.01.2025 को पटवार हल्का जाजीवाल कलां तहसील जोधपुर के खसरा संख्या 72 में वर्ष 2006 से लेकर वर्ष 2025 तक सभी वर्षों में कुल कितनी बेचान रजिस्ट्री हुई है सभी की प्रमाणित प्रतियां/सूची एवं जमाबन्दी नकल/म्यूटेशन की प्रमाणित प्रतियां एवं अन्य बिन्दुओं से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार, जोधपुर) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील में रेस्पो. पक्ष (तहसीलदार, जोधपुर) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किया गया। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर रेस्पो. पक्ष अनुपस्थित एवं अपीलार्थी अनुपस्थित। रेस्पो. पक्ष (तहसीलदार, जोधपुर) से आदिनांक तक तथ्यात्मक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई। अतः अपील स्वीकार की जाती है तथा लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार, जोधपुर) को निर्देशित किया जाता है कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना 15 दिवस के भीतर नियमानुसार उपलब्ध करावे, अन्यथा नहीं दिये जाने के कारणों से प्रार्थी को अवगत कराया जावे। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (गौरव अग्रवाल) जिला कलक्टर, जोधपुर Signature valid Digitally signed by Gaurav Agrawal Designation : Collector & District Magistrate Date: 2025.04.1? 18:55:26 IST Reason: Approved	

RajKaj Ref No.: 14798682